नेतरहाट विद्यालय समिति की, कार्यकारिणी समिति की, सभापति, श्री नरेन्द्र भगत, भा.प्र.से.,(से.नि.), की अध्यक्षता में 12.10.2015 (सोमवार) को संपन्न बैठक की कार्यवाही :

1. **उपस्थिति** : संलग्न है।

श्री राजू रंजन राय, उप सचिव, वित्त विभाग-सदस्य, कार्यकारिणी समिति,ने.वि.स. के उनके विभागीय कार्यवश बैठक में भाग नहीं ले पाने की सूचना के आधार पर उनके उपस्थिति अवकाश की स्वीकृति दी गई।

2. विगत बैठक की कार्यवाही की मद सं. 8 : **"नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा शैक्षणिक सत्र 2016-17 में, तथा उसके बाद के वर्षों में संचालन, समिति द्वारा ...."**, को संशोधित रूप में **शैक्षणिक सत्र : 2016-17 हेतु** के रूप में पढ़ा जाए एवं माना जाय। इस संशोधन के साथ विगत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि की गई।

3. विगत बैठक में लिये गए निर्णयों के अनुपालन प्रतिवेदन की मद सं.7 के प्रसंग में इंगित **शैक्षणिक सत्र 2016-17 से,** के स्थान पर **शैक्षणिक-सत्र 2016-17 हेतु** इंगित होना चाहिए। अन्य बिन्दुओं पर अनुपालन प्रतिवेदन को समीक्षा उपरान्त संतोषप्रद पाया गया।

4. विद्यालय परिसर में भवन निर्माण विभाग द्वारा संचालित जीर्णोद्धार एवं नव निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा उपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिए गये :

4.1 आश्रम समूह 3 के तीन आश्रमों के जीर्णोद्धार एवं नव निर्माण कार्य समापन उपरान्त विद्यालय प्रशासन को विगत एक सप्ताह पूर्व विधिवत हस्तान्तरित किया गया। विद्यालय प्राचार्य को यह निदेश दिया गया कि वे विहित प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए उक्त तीनों आश्रमों को आवश्यक उपस्करों से सुसज्जित किये जाने हेतु उनके क्रय की कार्रवाई शीघ्र कर ले। यथा संभव नवम्बर 2015 के प्रथम पक्ष में उन तीनों आश्रमों में पूर्व में निवासित छात्रों तथा आश्रमाध्यक्षों को पुनर्निवासित कराया जाय; साथ ही, तत्काल चतुर्थ सेट के तीनों आश्रमों जिनकी स्थिति अत्यन्त खराब बतायी गयी है, के छात्रों को तृतीय सेट के तीनों आश्रमों में adjust किया जाय ताकि उन तीनों आश्रमों को, जीर्णोद्धार एवं नव निर्माण कार्य हेतु, भवन निर्माण विभाग को सुपुर्द किया जा सके।

4.2 आश्रम समूह सं. 1 के तीन आश्रमों के जीर्णोद्धार एवं नव निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में बताया गया कि वे अन्तिम चरण में हैं तथा अनुमानतः नवम्बर / दिसम्बर 2015 में विधिवत विद्यालय प्रशासन को हस्तान्तरित किये जा सकेंगे।

4.3 नये आश्रम समूह सं. 8 के प्रस्तावित नव निर्माण कार्य के बारे में भवन निर्माण विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा बैठक में बताया गया कि तत्सम्बन्धी निविदा पर विभाग द्वारा निर्णय लेते हुए कार्यादेश निर्गत कर दिया गया है। निकट भविष्य में कार्यारंभ संभावित है।

4.4 आश्रम समूह 1 एवं 3 के आश्रमों के जीर्णोद्धार सहित नव निर्माण कराये कार्यों के अनुभव के आधार पर यह विचार हुआ कि शेष आश्रम समूहों – सं. 2, 4, 5, 6, एवं 7 – के नव निर्माण संरचना के Scope में कतिपय संशोधन किया जाय। संप्रति यह नयी संरचना दो मंजिला तथा ऊपर की मंजिल को ढलान रूप देते हुए टाटा ब्लू स्कोप सीट लगवाये गये हैं। ऐसा मात्र इस कारणवश किया गया है कि आश्रम के अन्य तीन विंग की ढलान छतों के साथ एकरूपता बनी रहे। अब, अन्य कारण से, प्रत्येक उन पांच आश्रम समूहों के लिए नयी संरचना – दो मंजिला भवन – की दूसरी मंजिल भी अब R.C.C ढलाई कराये जाने का प्रस्ताव हैं; इसका प्रमुख कारण एवं उद्देश्य यह है कि समतल छत के ऊपर उचित क्षमता का Sintex पानी टंकी अधिष्ठापित हो सके, साथ ही Solar ऊर्जा आधारित geysers अधिष्ठापित किये जा सकें। इस हेतु पूर्व समर्पित प्रस्ताव तथा Scope में समुचित संशोधन किये जाने का निदेश बैठक में उपस्थित भवन निर्माण विभाग के प्रतिनिधियों को दिया गया।

4.5 नवनिर्मित ऑडिटोरियम के जीर्णोद्धार एवं विस्तार कार्यों के बारे में बैठक में उपस्थित भवन निर्माण विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि तत्सम्बन्धी निविदा पर निर्णय लेते हुए कार्यादेश निर्गत कर दिया गया है। निकट भविष्य में कार्यारंभ संभावित है।

4.6 बंगला सं. 4 के जीर्णोद्धार कार्य के बारे में बैठक में उपस्थित भवन निर्माण विभाग के प्रतिनिधियों ने बताया कि चहारदीवारी निर्माण कार्य प्रगति पर है। विगत अगस्त 2015 में समिति के सभापति, सदस्य तथा अन्य पदाधिकारी के नेतरहाट परिदर्शन के क्रम में बंगला सं. 4 के स्थल निरीक्षण

में यह पाया गया कि चहारदीवारी निर्माण के कार्य में, उक्त परिसर में पूर्व से अवस्थित दो छोटे भवनों को चहारदीवारी के दायरों में नहीं लिया गया है। बैठक में उपस्थित भवन निर्माण विभाग के प्रतिनिधियों को निदेश दिया गया कि वे उक्त दोनो छोटे भवनों को एक Common boundary के अन्तर्गत लेते हुए चहारदीवारी का निर्माण कार्य पूरा करावें ताकि बाद में अतिक्रमण की संभावना न रहे। साथ ही, परिसर में स्थित मुख्य भवन का जीर्णोद्धार कार्य शीघ्र प्रारंभ कराये जाने का उन्हें निदेश दिया गया।

5. विद्यालय के आगामी वित्तीय वर्ष 2016-17 के बजट प्रस्ताव का प्रारूप प्राचार्य द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रस्ताव की गहन समीक्षा उपरान्त कतिपय बिन्दुओं पर विस्तृत अनुदेश देते हुए प्राचार्य को यह निदेश दिया गया कि वे दिये गये निदेशों / सुझावों को समाहित करते हुए पुनः संशोधित प्रारूप आगामी एक माह के अन्दर दिया जाना सुनिश्चित करें ताकि विहित समयावधि में तत्सम्बन्धी अग्रेतर कार्रवाई समिति स्तर पर पूरी करते हुए प्रशासी विभाग को बजट प्रस्ताव 2016-17 ससमय समर्पित किया जा सके।

6. विद्यालय परिसर में क्रियान्वित / प्रस्तावित कतिपय कार्यों की प्रगति की समीक्षा उपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये गये -

6.1 शैले के पूर्व भाग में अवस्थित नर्सरी -1 के घेरा निर्माण के कराये गये कार्य सहित रिगवेल बोरिंग तथा ट्यूबवेल के अधिष्ठापन पर हुए व्यय की कार्योपरान्त स्वीकृति दी गई। साथ ही, विद्यालय अतिथिशाला के घेरा एवं गेट निर्माण में हुए व्यय की कार्योपरान्त स्वीकृति दी गई। उक्त नर्सरी स्थल पर कराये गये बोरिंग के अतिरिक्त दो अन्य स्थलों - ओवल मैदान के उत्तर पश्चिम छोर पर तथा निर्माणशाला के निकट - कराये गये डीप रिगवेल बोरिंग, जो सफल तथा संतोषप्रद सिद्ध हुए हैं, पर हुए व्यय की कार्योपरान्त स्वीकृति दी गई।

6.2 विद्यालय के रसायन शास्त्र प्रयोगशाला के जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण विषयक प्राप्त प्रस्ताव तथा तत्सम्बन्धी प्रस्तुत आकलित व्यय पर विस्तृत चर्चा की गई। सभापति एवं सदस्य, श्री कृष्ण स्वरूप प्रसाद को अधिकृत किया गया कि संबन्धित एजेन्सी से विस्तृत विचार-विमर्श कर आवश्यकतानुसार अपेक्षित संशोधन करेंगे।

6.3 विद्यालय के मुख्य भवन के पश्चिमी भाग में अवस्थित भूखण्ड पर नर्सरी-2 की स्थापना तथा उसके घेरे निर्माण के प्रस्तावित व्यय पर विचार-विमर्श करते हुए कार्यारंभ कराये जाने की स्वीकृति दी गई।

6.4 विद्यालय के पुराने नासपाती बगान के घेरा निर्माण हेतु प्रस्तावित व्यय पर विमर्शोपरान्त स्वीकृति दी गई।

6.5 विद्यालय के पुराने खेल मैदानों - बास्केट बॉल, वॉली बॉल तथा टेनिस कोर्ट - तीनों दो - दो की संख्या में - के पुनर्निर्माण के प्रस्ताव की सैद्धान्तिक सहमति दी गई। तत्सम्बन्धी आकलित व्यय का विवरण आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।

7. पूर्व में विद्यालय हेतु हैवी इयूटी जेनरेटर सेट्स के क्रय हेतु लिए गये समिति के पूर्व निर्णय पर पुनर्विचार किया गया। यह निर्णय लिया गया कि सम्प्रति आश्रम समूह 1 एवं 3 के क्रमशः तीन - तीन आश्रमों सहित पाकशाला के लिए दो साईलेन्ट पावर जेनरेटर सेट्स, उचित क्षमता के, क्रय किये जायं। इसके अतिरिक्त एक वृहद् क्षमता वाला साईलेन्ट पावर जेनरेटर सेट, ट्रॉली सहित, क्रय किया जाय जिसका आवश्यकतानुसार ऑडिटोरियम, विद्यालय अतिथिशाला, निर्माणशाला एवं विद्यालय के मुख्य भवन परिसर में उपयोग किया जा सके।

8. विद्यालय में विभिन्न कोटि के - शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक - के रिक्त पदों एवं निकट भविष्य में संभावित रिक्तियों से सम्बन्धित प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। विद्यालय प्राचार्य के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रारूप का गठन समिति स्तर पर किये जाने का निर्णय लिया गया तथा इस हेतु सभापति को अधिकृत किया गया। शिक्षक के रिक्त तीन पदों के संदर्भ में यह निर्णय हुआ कि प्राचार्य विषयवार शिक्षकों को सम्प्रति कार्यावंटन - विवरणी समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत करेंगे, ताकि तद्नुरूप निर्णय लिया जा सके। प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के क्रमांक 3 से 12 में इंगित विभिन्न कोटि के पदाधिकारी / कार्मिकों के रिक्त पदों के विज्ञापन प्रकाशन हेतु प्राचार्य को निदेश दिया गया कि वे प्रभावी सरकारी अनुदेश तथा समिति नियमावली के सुसंगत प्रावधानों के अधीन तत्संबंधी विज्ञापन प्रकाशन कराये जाने की शीघ्र कार्रवाई करें।

9. विद्यालय के नियुक्त शिक्षकों एवं कार्मिकों के भविष्यनिधि लेखा संधारण विषय पर यह निर्णय लिया गया कि विद्यालय प्राचार्य इससे संबन्धित अद्यतन स्थिति से सभापति को शीघ्र अवगत करावें ताकि इसमें हो रहे अनावश्यक विलम्ब तथा अन्य प्रशासनिक कठिनाईयों के निराकरण हेतु समिति स्तर पर पहल की जा सके।

10. विद्यालय के नव नियुक्त शिक्षकों एवं अन्य पदाधिकारी की सेवा सम्बन्धी मामले की समीक्षा समयाभाव के कारण बैठक में नहीं की जा सकी। इसे अगली बैठक में प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।

11. विद्यालय परिसर में जेरेडा द्वारा क्रियान्वित सोलर पैनल अधिष्ठापन उपरान्त Commissioning एवं Maintenance संबंधी कार्यों की समीक्षा, जेरेडा के प्रतिनिधि की अनुपलब्धता के कारण नहीं की जा सकी। इसे आगामी बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया गया।

12. विद्यालय परिसर में प्रस्तावित कम्प्युटरीकरण कार्य हेतु JAPIT द्वारा कार्यारम्भ प्रस्ताव की समीक्षा JAPIT के प्रतिनिधि की अनुपलब्धता के कारण नहीं की जा सकी। इसे आगामी बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया गया।

13. अन्यान्य :

13.1 दिनांक-06.10.2015 - 09.10.2015 (चार दिन) विषयवार क्रमशः रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र, अंग्रेजी तथा गणित विषय के शिक्षकों के रिक्त पदों के सम्बन्ध में समिति कार्यालय में अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिये गये। गठित चयन समिति द्वारा विषयवार अनुशंसित पैनल का बैठक में अनुमोदन किया गया। साथ ही, समिति का यह निदेश हुआ सम्प्रति आवश्यकता तथा प्राथमिकता के आधार पर अंग्रेजी विषय के पैनल में इंगित प्रथम उम्मीदवार सुश्री सारणी राय (अनारक्षित) तथा गणित विषय के पैनल में इंगित II - श्री तारकेश्वर पासवान (अनुसूचित जाति) के पक्ष में नियुक्ति पत्र प्राचार्य-सह-सदस्य सचिव द्वारा निर्गत किये जाने का निदेश दिया गया।

अन्य दो विषय - रसायन शास्त्र एवं भौतिक शास्त्र में इंगित पैनल के क्रम में अनुवर्त्ती कार्रवाई तत्काल स्थगित रहने का निर्णय लिया गया। प्राचार्य को इन विषयों के प्रसंग में यह निदेश दिया गया कि प्रासंगिक संचिका में दिये गए निदेश के आलोक में याचित विवरण समिति की

आगामी बैठक में प्रस्तुत करेंगे एवं तदोपरान्त इस पर निर्णय लिया जा सकेगा।

13.2 कार्य सूची में प्रस्तावित अन्य पांच विषयों पर समयाभाव के कारण चर्चा नहीं की जा सकी। इसे आगामी बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया गया।

सहधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

19. X. 2015

(नरेन्द्र भगत)
सभापति,
कार्यकारिणी समिति,
नेतरहाट विद्यालय समिति,
रांची।

नेतरहाट विद्यालय समिति

कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की, दिनांक–12.10.2015 को आहूत बैठक में उपस्थिति :–

उपस्थिति :–

क्र०	नाम	पता	कार्यकारिणी समिति में धारित पद	हस्ताक्षर
1.	श्री नरेन्द्र भगत, भा०प्र०से० (सेवा निवृत्त)	अग्रवाल नर्सिंग होम के सामने बरियातू रोड, राँची	सभापति	12.X.2015
2.	श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा, भा०प्र०से०	प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची	सदस्य	12/10/2015
3.	डा. मनीष रंजन, भा०प्र०से०	निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, मानव संसाधन विकास विभाग, झारखण्ड, राँची	सदस्य	12.10.15
4.	श्री कृष्ण स्वरूप प्रसाद	184/सी० 2, हरिहर सिंह रोड, मोरहाबादी, राँची	सदस्य	12/10/15
5.	डा० अमलेन्दु शेखर मित्रा	मातृछाया, दिव्यायन के दक्षिण, मोरहाबादी, राँची	सदस्य	12.10.2015
6.	श्री राजू रंजन राय उप सचिव, वित्त विभाग	वित्त विभाग का प्रतिनिधि, प्रधान सचिव, वित्त विभाग द्वारा मनोनीत सदस्य।	सदस्य	———
7.	श्री राम नरेश सिंह	प्राचार्य, नेतरहाट विद्यालय, नेतरहाट।	सदस्य सचिव	12.10.15
8.	श्री विनोद कुमार सिंह	मुख्य अभियन्ता भवन निर्माण विभाग, झारखंड, राँची	विशेष आमंत्रित	12.10.15
9.	Ramakrishna Rao	कार्यपालक अभियन्ता भवन निर्माण प्रमंडल, लोहरदगा	विशेष आमंत्रित	12/10/15
	अभिलेश कुमार	अवर अभियंता भवन निर्माण विभाग	विशेष आमंत्रित	12/10/15